>

Title: Need to appoint staff to man the level crossing near Futa Atta in Bulandshahar, Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (गौतम बुद्ध नगर): मेरे संसदीय क्षेत्र गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत बुलंदशहर के निकट फुटा अट्टा रेलवे क्रॉसिंग के आसपास 4-5 गांव आते हैं, जिनका वहां से गुजरना होता है। लेकिन वहां से गुजरना होता है। लेकिन मानव रहित क्रासिंग होने के कारण यहां पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अभी 12 मार्च, 2012 में इस रेलवे क्रासिंग पर मेरठ-खुर्जा यात्री गाड़ी की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मृत्यु हो गयी। इससे पूर्व भी मानव रहित इस रेलवे क्रॉसिंग पर अनेक ग्रामीण मृत्यु के शिकार हो चुके हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत फुटा अट्टा रेलवे क्रॉसिंग सहित अन्य ऐसे रेलवे क्रॉसिंग, जो मानव रहित है, वहां पर चौकीदार की तैनाती किए जाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्य वाही की जाए और दुर्घटना में मृतक व घायल ग्रामीणों को समुचित मुआवजा शीघ्र दिलवाया जाए।